**वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 14.11.2025 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर" अमर उजाला, दैनिक जागरण, हिन्दुस्तान, न्यायाधीश, जनवार्ता," समाचार पत्र कटिंग का विवरण।**

## अमर उजाला–दि0 14.11.2025

### कैंप में 12 मानचित्रों का निस्तारण

**वाराणसी।** वीडीए वीसी पूर्ण बोरा की अध्यक्षता में बृहस्पतिवार को नोटिस सुनवाई एवं मानचित्र निस्तारण कैंप का आयोजन किया गया। इस दौरान 12 मानचित्रों का निस्तारण किया गया और कैंप में कुल 2 नए शमन मानचित्रों के आवेदन आए। पूर्व में प्राप्त मानचित्रों में से कैंप के दौरान 06 मानचित्र स्वीकृत किए गए। मानचित्र एवं नोटिस संबंधी सुनवाई के दौरान कुल 70 भवन स्वामी उपस्थित हुए और 30 नोटिस प्रकरणों में सुनवाई की गई। कैंप में अपर सचिव गुड़ाकेश शर्मा, नगर नियोजक प्रभात कुमार समेत अन्य मौजूद रहे। ब्यूरो

## दैनिक जागरण–दि0 14.11.2025

### विकास प्राधिकरण के कैंप में छह भवनों का नक्शा पास

**वाराणसी :** वाराणसी विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष पूर्ण बोरा की अध्यक्षता में वीडीए सभागार में गुरुवार को नोटिस सुनवाई एवं मानचित्र निस्तारण कैंप लगाया गया। कैंप में कुल 12 मानचित्रों का निस्तारण किया गया। दो नए शमन मानचित्र दाखिल किए गए। पूर्व में प्राप्त मानचित्रों में से छह नक्शा पास किया गया। वीडीए उपाध्यक्ष पूर्ण बोरा ने कहा कि मानचित्र व नोटिस को लेकर कुल 70 भवन स्वामी आए जिनमें 30 नोटिस की सुनवाई की गई। (जासं)

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## हिन्दुस्तान–दि0 14.11.2025

### छह नक्शे पास, 30 नोटिसों पर सुनवाई

**वाराणसी।** वीडीए मुख्यालय में गुरुवार को नोटिस सुनवाई और मानचित्र निस्तारण शिविर का आयोजन किया गया। वीडीए उपाध्यक्ष पूर्ण बोरा ने 12 मानचित्रों का निस्तारण किया गया। दो शमन मानचित्रों का आवेदन किया गया। वहीं छह मानचित्र स्वीकृत किए गए। जनसुनवाई और कैंप में 70 भवन स्वामी उपस्थित हुए तथा 30 नोटिस प्रकरणों में सुनवाई की गई। पूर्ण बोरा ने कहा कि हर गुरुवार को मुख्यालय में कैंप लगेगा।

## जनवार्ता–दि0 14.11.2025

### वीडीए का निर्णय: नोटिस व मानचित्र निस्तारण कैम्प प्रत्येक गुरुवार



वीडीए में नोटिस व मानचित्र निस्तारण को लेकर बैठक करते वीसी।

**वाराणसी (जनवार्ता)।** वाराणसी विकास प्राधिकरण सभागार में गुरुवार को उपाध्यक्ष पूर्ण बोरा की अध्यक्षता में नोटिस सुनवाई एवं मानचित्र निस्तारण कैम्प आयोजित किया गया। जिसमें विभिन्न अनुभागों द्वारा कार्यवाही संपादित की गई। जहाँ नियोजन अनुभाग ने कुल 12 मानचित्रों का निस्तारण किया। जबकि 2 नए शमन मानचित्र आवेदन प्राप्त हुए। वही पूर्व में लंबित प्रकरणों में से 6 मानचित्रों को स्वीकृति प्रदान की गई।

इस सुनवाई के दौरान कुल 70 भवन स्वामी उपस्थित हुए तथा 30 नोटिस प्रकरणों में सुनवाई की गई। इसमें प्राधिकरण ने निर्णय लिया कि अब प्रत्येक बृहस्पतिवार को नियमित रूप से इस प्रकार का कैम्प आयोजित किया जाएगा ताकि भवन स्वामियों की समस्याओं का त्वरित एवं पारदर्शी समाधान सुनिश्चित हो सके और शहरवासियों को इस पहल से अधिकतम लाभ प्राप्त हो। इस कैम्प में अपर सचिव गुड़ाकेश शर्मा, नगर नियोजक प्रभात कुमार, सभी जोनों के जोनल अधिकारी, अवर अभियंता, लिपिक सहित नियोजन, आवाप्ति, सीलिंग एवं विधि अनुभाग के अधिकारी शामिल रहे।

## न्यायाधीश–दि0 14.11.2025

### नोटिस सुनवाई एवं मानचित्र निस्तारण कैम्प' का किया गया आयोजन



वाराणसी । वाराणसी विकास प्राधिकरण के सभागार में उपाध्यक्ष पूर्ण बोरा की अध्यक्षता में 'नोटिस सुनवाई एवं मानचित्र निस्तारण कैम्प' का आयोजन किया गया। कैम्प के दौरान विभिनन अनुभागों द्वारा कार्यवाही निमन्वत् संपादित की गई– नियोजन अनुभाग द्वारा कुल 12 मानचित्रों का निस्तारण किया गया। कैम्प में कुल 02 नया शमन मानचित्र आवेदन प्राप्त हुआ। पूर्व में प्राप्त मानचित्रों में से कैम्प के दौरान 06 मानचित्र स्वीकृत किए गए, मानचित्र एवं नोटिस संबंधी सुनवाई के दौरान कुल 70 भवन स्वामी उपस्थित हुए तथा 30 नोटिस प्रकरणों में सुनवाई की गई। कैम्प में अपर सचिव श्री गुड़ाकेश शर्मा, नगर नियोजक श्री प्रभात कुमार, पाँचों जोनों के जोनल अधिकारी, अवर अभियंता, लिपिकगण सहित नियोजन, आवाप्ति, सीलिंग एवं विधि अनुभाग के समस्त कार्मिक उपस्थित रहे। प्राधिकरण द्वारा यह सुनिश्चित किया गया कि शमन मानचित्रों एवं नोटिसों के निस्तारण की प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी बनाया जाए।